नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

## एक नजर में



### विजय ने सरकार बनाने का पेश किया दावा

**चेन्नई, 5 मई.** तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद नई सरकार के गठन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं. मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मंगलवार को अपना इस्तीफा दे दिया है. इस बीच विजय को टीवीके विधायक दल का नेता चुन लिया गया है. सभी नए विधायकों के दस्तखत लिए जा रहे हैं. अब तक 90 विधायकों ने इस पर दस्तखत कर दिए हैं. पार्टी अध्यक्ष सी. जोसेफ विजय ने औपचारिक रूप से राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश किया है.

# मैं इस्तीफा नहीं दूंगी : ममता

**कोलकाता, 5 मई. पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद भाजपा ने 293 सदस्यीय विधानसभा में 206 सीटें जीतकर ऐतिहासिक बहुमत हासिल किया. वहीं, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी अपने गृहनगर भवानीपुर में हार गई.**



ममता ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मैं इस्तीफा नहीं दूंगी मैं हारी नहीं हूं मुझे हराया गया है. उन्होंने कहा कि 100 सींटो पर लूट की गई है.साथ में ममता ने ये भी आरोप लगाया कि सरकारी मशीनरी पर कब्जा किया गया, मैने ऐसा चुनाव कभी नहीं देखा है. मैं इंडिया गठबंधन के साथ हूं .ममता ने आगे आरोप लगाया कि काउंटिंग सेंटर में उन्हें रोकने का प्रयास हुआ, सीआरपीएफ ने प्रवेश नहीं दिया, और चुनाव डेटा को भाजपा ने प्रभावित करने की कोशिश की.उन्होंने कहा कि उन्होंने सभी 17सी फॉर्म कब्जे में ले लिए हैं और सीसीटीवी फुटेज में भी अनियमितताएँ देखी गई हैं.ममता का कहना है कि यह केवल उनके खिलाफ नहीं, बल्कि पूरी तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ एक सुनियोजित प्रयास था ।इस हार का असर बंगाल के राजनीतिक परिदृश्य पर गहरा पड़ेगा.भाजपा ने न केवल शहरी क्षेत्रों में बल्कि ग्रामीण और जंगलमहल क्षेत्रों में भी भारी बहुमत हासिल किया.वहीं, देश के अन्य राज्यों जैसे असम में भी भाजपा की सरकार बनी, केरल में कांग्रेस गठबंधन ने बहुमत पाया, और तमिलनाडु में त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिला।

### हार को पचा नहीं पा रहीं ममता : सुवेंदु अधिकारी






बीजेपी नेता सुवेंदु अधिकारी ने पलटवार करते हुए कहा कि ममता बनर्जी हार को पचा नहीं पा रही हैं और विपक्ष सिर्फ बहाने बना रहा है. उन्होंने कहा कि जनता ने टीएमसी को नकार दिया है.

गिरिराज सिंह ने भी ममता बनर्जी के सीट चोरी के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह पश्चिम बंगाल में बीजेपी की प्रचंड जीत है. बीजेपी ने बताया लोकतंत्र का अपमान- बीजेपी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने ममता बनर्जी के इस्तीफा न देने के बयान पर कहा कि वह न केवल अराजक हैं, बल्कि जनादेश का भी अपमान कर रही हैं

# मंत्रियों का रिपोर्ट कार्ड लेंगे सीएम

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 5 मई. प्रदेश में ज्यादातर निगम-मंडलों, प्राधिकरण और आयोग में राजनीतिक नियुक्तियों के बाद अब मंत्रिमंडल फेरबदल की आहट आने लगी है. इस फेरबदल से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंत्रियों और विभागों का रिपोर्ट कार्ड लेंगे. ये रिपोर्ट कार्ड ही मंत्रियों का भविष्य तय करने में बड़ी भूमिका निभा सकता है.**



### मंत्रिमंडल फेरबदल का बनेगा आधार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को अनौपचारिक बैठक में मंत्रियों को इस संबंध में साफ संकेत दे दिए हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रियों को बताया कि राज्य सरकार का ढाई वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो रहा है. 8 से 10 मई के बीच विभागवार मंत्रीगण और विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा का कार्यक्रम निर्धारित किया जा रहा है. इसमें मंत्री गण अपने विभाग और अपने प्रभार के जिले की उपलब्धियां, नवाचार, आगे की कार्य योजना और चुनौतियों के बारे में जानकारी देंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि जिला विकास समितियों की बैठक 12 मई के पहले प्रभार के जिले में अनिवार्य रूप से आयोजित की जाए. ( शेष पेज 9 पर )

### ब्रिक्स के कृषि मंत्रियों का सम्मेलन इंदौर में 9 से

अनौपचारिक कैबिनेट के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों का सम्मेलन 9 से 13 जून तक इंदौर में होगा. सदस्य देशों के बीच आर्थिक सहयोग, व्यापार और भू-राजनीतिक संवाद को बढ़ाना ब्रिक्स आंदोलन का उद्देश्य है. ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, युगांडा, मिस्र, सऊदी अरब, मलेशिया, नाइजीरिया, थाईलैंड ,संयुक्त अरब अमीरात, कोलंबिया, इंडोनेशिया आदि 21 देश के मंत्री सम्मेलन में शामिल होंगे. सम्मेलन में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक, नीति निर्धारक आदि भी सहभागिता करेंगे.

# शाह बंगाल और नड्डा असम के चुनेंगे सीएम

**नई दिल्ली, 05 मई. पश्चिम बंगाल में भाजपा ने अपनी ताकत का नया इतिहास रचते हुए विधानसभा चुनाव में 294 सदस्यीय विधानसभा में 206 सीटें जीतकर दो-तिहाई बहुमत हासिल किया.**



बंगाल में 10 मई को होगा नई सरकार का शपथग्रहण. इसके साथ कई मंत्रियों का भी शपथग्रहण होगा। इससे राज्य में 15 साल तक सत्ता में रही तृणमूल कांग्रेस का लंबा राज समाप्त हो गया.निर्वाचन आयोग के अनुसार, बहुमत का आंकड़ा 148 है, लेकिन फालता में मतदान रद्द होने के कारण फिलहाल 147 सीटें ही गिनी गई हैं.पार्टी ने शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में अपने जनाधार को मजबूत किया है. इस ऐतिहासिक जीत के बाद भाजपा ने अपने केंद्रीय नेतृत्व को बंगाल के मुख्यमंत्री और विधायक दल के नेता के चयन की जिम्मेदारी सौंपी है.केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पर्यवेक्षक बनाया गया है, जबकि ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को सह-पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है.ये दोनों मिलकर विधायक दल की बैठक और नेतृत्व चयन की प्रक्रिया को संपन्न करेंगे।



असम में भाजपा ने एनडीए के तहत तीसरी बार सरकार बनाने का रिकॉर्ड बनाया. एनडीए ने 102 सीटें जीतकर दो-तिहाई बहुमत हासिल किया. भाजपा ने अपने 90 उम्मीदवारों में से 82 पर जीत दर्ज की. उसके सहयोगी दल बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट और असम गण परिषद को 10-10 सीट मिली. इस जीत के बाद असम में विधायक दल के नेता के चुनाव की जिम्मेदारी केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को सौंपी गई है.

# कैबिनेट बैठक में कई अहम् बड़े फैसले

**नई दिल्ली, 05 मई. केंद्र सरकार ने आर्थिक, न्यायिक और औद्योगिक क्षेत्रों में बड़े फैसले लिए हैं. मंत्रिमंडल ने उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 37 करने, गुजरात के वाडीनार में 1,570 करोड़ की आधुनिक जहाज मरम्मत सुविधा स्थापित करने और दो नई सेमीकंडक्टर इकाइयों के लिए 3,900 करोड़ रुपये की मंजूरी दी.**



इसके अलावा,एमएसएमई और विमान सेवा कंपनियों के लिए ईसीएलजीएस 5.0 योजना, गन्ना किसानों के लिए 365 रुपये प्रति क्विंटल एफआरपी और समुद्री भारत दृष्टि 2030 के तहत रोजगार व कौशल विकास के अवसर सुनिश्चित करने वाले कई कदम उठाए गए हैं. सर्वोच्च न्यायालय में वर्तमान में 33 न्यायाधीश और भारत के मुख्य न्यायाधीश कार्यरत हैं, जो कुल 34 की स्वीकृत क्षमता के बराबर है.अब न्यायाधीशों की संख्या 37 बढ़ाकर करने की मंजूरी दी. वहीं, केंद्र सरकार ने गन्ने का न्यूनतम उचित मूल्य 10 रुपए बढ़ाकर 365 रुपए प्रति क्विंटल किया है. इससे पहले यह दर 355 रुपए प्रति क्विंटल थी.

### दो नई सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी

सेमीकंडक्टर इकाइयों की स्थापना घरेलू उत्पादन बढ़ाने और आयात पर निर्भरता घटाने के उद्देश्य से की जा रही है। इससे रोजगार, तकनीकी विकास और इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में सुधार होगा.वहीं, समुद्री भारत दृष्टि 2030 और अमृत काल 2047- परियोजना स्थानीय रोजगार, कौशल विकास और एमएसएमई के विकास में योगदान देगी।

# मान और चड्ढा ने राष्ट्रपति से उठाया 6 सांसदों का मुद्दा

**चंडीगढ़, 5 मई. पंजाब में आम आदमी पार्टी के 6 राज्यसभा सांसदों के बीजेपी में विलय के मुद्दे पर सियासी घमासान तेज हो गया है. इसी विवाद के बीच, मुख्यमंत्री भगवंत मान और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया।**





मान ने कहा कि सांसदों ने जनता के भरोसे के साथ धोखा किया है और उनकी सदस्यता तुरंत खत्म की जानी चाहिए. उन्होंने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए जरूरी कदम बताया। राघव चड्ढा ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि उन्होंने राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान बताया कि आप राज्य तंत्र का दुरुपयोग कर रही है, जबकि दो-तिहाई सांसदों ने बीजेपी में विलय का विकल्प चुना है. उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी अब एक राजनीतिक दल की तरह नहीं, बल्कि 'एक्स' की तरह व्यवहार कर रही है.





SCAN TO KNOW MORE
EXCHANGE BONUS ₹5,000$
LOW DOWN PAYMENT STARTING FROM ₹8,999$
Instant cashback up to ₹10 000$ on EMI
HDFC BANK | SBI card Credit Card
Powered by pine labs

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply
Hero GoodLife Stand a chance to win Gold and Silver Coins and many more assured benefits*

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. World's no 1 disclaimer - Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2025 Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market(CY25). *Fastest compared to all air-cooled engine motorcycles in 125cc segment as per internal testing applicable for ABS/CBS variant. **66 km/l with E5 petrol under standard tests; mileage may vary. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. ^Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. T&C apply. #Ex-Showroom price of Xtreme 125 IBS variant in Madhya Pradesh.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, एसोशिएट डीलरः पथरियाः एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुड़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांडुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरूकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रूसिया मोटर्स 9425822392, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन : रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, मड़वास: ओम मोटर्स, 9009066959, मझौली: न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, खटखरी: खटखरी ऑटोमोबाइल, 9617241112, गुढ़: विंध्य मोटर्स, 9229072020, कोठी: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स, 7987308294, 83058099514, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 9589176355, रामपुर नैकिन (सीधी): लक्ष्मी जी ऑटोमोबाइल्स, 9406782277, दुधमनिया सिंगरौली: राधा कृष्ण मोटर्स, 7000995137, गढ़: अंबे मोटर्स, 9144881695, बीरसिंहपुर: तनु ऑटोमोबाइल्स, 9425886424, देवतालाब: वर्षा मोटर्स, 9424622310, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.

SAATCHI & SAATCHI